फा.सं.12016/04/2021-रा.भा.(का-2)
भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग
*****

बी विंग, चतुर्थ तल, एन.डी.सी.सी.-2 भवन,
जय सिंह रोड, नई दिल्ली-110001
दिनांक : 29 .12.2021

कार्यालय ज्ञापन

विषय:-वाराणसी में आयोजित अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के लिए प्रतीक चिह्न (Logo) बनाने हेतु आयोजित प्रतियोगिता के संबंध में।

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 13 व 14 नवंबर, 2021 को वाराणसी स्थित व्यापार केंद्र (Trade Centre) में दो दिवसीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन की अध्यक्षता माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, भारत सरकार श्री अमित शाह जी द्वारा की गई। साथ ही इस सम्मेलन में उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्य मंत्री श्री योगी आदित्य नाथ जी के साथ-साथ अन्य गणमान्य मंत्रीगण उपस्थित थे।

2- इस महत्वपूर्ण सम्मेलन हेतु 'प्रतीक चिह्न' बनाने के लिए एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में देश के कोने-कोने से हिंदी से जुड़े विशेषज्ञों ने भाग लिया तथा अपने द्वारा निर्मित 'लोगो' को विभाग को भेजा।

3- उल्लेखनीय है कि 'लोगो' हेतु गठित चयन समिति द्वारा सर्वसम्मति से श्री राहुल सोनी, पी.जी.टी. रसायन, परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय, नरौरा, बुलंदशहर द्वारा निर्मित 'लोगो' (प्रतीक चिह्न) को सबसे उत्कृष्ट पाया गया तथा उन्हें प्रथम पुरस्कार से विभूषित किया गया। साथ ही पुरस्कार स्वरूप उन्हें पाँच हजार रूपये तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में केवल एक विजेता का चयन किया गया है।

4- प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अन्य सभी प्रतिभागियों को यथाशीघ्र सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। प्रमाण-पत्र सभी प्रतिभागियों के डाक पते पर भेजे जाएंगे। सभी प्रतिभागी अपना नाम व पूरा पता (अपने Logo सहित) श्री संतोष कुमार, अनुसंधान अधिकारी के ई-मेल आईडी **santosh.gupta89@nic.in** पर तत्काल भिजवाना सुनिश्चित करें।

29/12/2021
(बी.एल.मीना)
निदेशक (का.)
दूरभाषा: 23438129